भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4424
जिसका उत्तर मंगलवार, 21 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

भेल के साथ आईएल, पल्लकड़ का विलय

4424. श्री एम.बी.राजेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल), पल्लकड़ की पुर्नसंरचना के संबंध में सलाहकार की रिपोर्ट प्राप्त की है;

(ख) यदि हां, तो रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशें क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार आईएल, पल्लकड़ का भेल के साथ विलय करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, हां। परामर्शदाता मैसर्स इन्स्टिट्यूट ऑफ पब्लिक इन्टरप्राइजेज (आईपीई), हैदराबाद की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी।

(ख): आईएल यूनिट (पल्लकड़) का किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में विलय करना अन्य बातों के साथ-साथ रिपोर्ट की मुख्य सिफारिश है।

रिपोर्ट में नोट किया गया है कि बीआईएफआर के कार्यवृत्त अथवा एमडीआरएस कार्यक्रम के आलोक में कंपनी ने पल्लकड़, केरल स्थित इन्स्ट्रूमेन्टेशन कंट्रोल वालव्स लिमिटेड (आईसीवीएल) के विलय और 51% का विनिवेश करने की संभावनाओं का पता लगाया है किन्तु इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। अतः इस स्थिति में कंपनी एक उचित प्रस्ताव पर किसी अन्य स्वस्थ कंपनी के साथ इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड का विलय करने की अन्य संभावना का पता लगा सकती है।

(ग) और (घ): वर्तमान में, बीएचईएल के साथ आईएल पल्लकड़ का विलय करने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****